**SBI भारतीय स्टेट बैंक**
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग
कॉरपोरेट केन्द्र, मुंबई
फोन: 022-22820427; फैक्स: 022-22820411; ईमेल: crpd@sbi.co.in

# दो वर्षीय पोस्ट डॉक्टरल रिसर्च फ़ेलोशिप

**विज्ञापन संख्या:** CRPD/ PDRF/ 2018-19/04

- **आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण: 16.07.2018 से 30.07.2018**
- **ऑनलाइन आवेदन की हार्ड प्रति और साथ में अनुलग्नक एसबीआई, सीआरपीडी, कॉरपोरेट केन्द्र, मुंबई में प्राप्त होने की अंतिम तिथि: 07.08.2018**

भारतीय स्टेट बैंक दो वर्षीय पोस्ट डॉक्टर रिसर्च फ़ेलोशिप के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है.
अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि बैंक की वेबसाइट पर दिए गए **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers** लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें.

1. आवेदन करने से पहले, अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि को उक्त पद के लिए दिए गए मानदंडों पर खरे उतरते हैं.
2. **अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे अपेक्षित सभी प्रलेख अपलोड करें (संक्षिप्त जीवन वृत्त, आईडी प्रमाण, आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव आदि) ऐसा नहीं करने पर उन्हें योग्य अभ्यर्थियों की सूची में शामिल करने/साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने हेतु उनकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा.**
3. योग्य अभ्यर्थियों और साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की सूची प्रलेखों के सत्यापन के बिना तैयार की जाएगी. साक्षात्कार के समय (यदि बुलाया जाता हो) अभ्यर्थी द्वारा मूल प्रतियों सहित सभी विवरणों/प्रलेखों का सत्यापन करवाए जाने पर ही उसकी अभ्यर्थिता मानी जाएगी.
4. यदि अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है और वह पात्रता मानदंडों पर खरा नहीं उतरता/उतरती है (आयु, शैक्षिक योग्यता और अनुभव आदि) तो उसे न तो साक्षात्कार में उपस्थित होने दिया जाएगा और न ही वह यात्रा व्ययों की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा/होगी.
5. **अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/careers या https://www.sbi.co.in/careers को नियमित रूप से विवरणों और नई जानकारी हेतु देखें (इन विवरणो में शार्टलिस्ट कर बुलाए जानेवाले/योग्य अभ्यर्थियों की सूची शामिल है). आवश्यक होने पर कॉल लेटर/ सूचना केवल ई-मेल (हार्ड प्रति नहीं भेजी जाएगी) के माध्यम से ही भेजी जाएगी.**
6. यदि एक से अधिक अभ्यर्थियों को समान अंक आते हैं जो कि फाइनल मेरिट लिस्ट में कट ऑफ अंक हैं (कट ऑफ प्वाइन्ट पर समान अंक) तो ऐसे अभ्यर्थियों को मेरिट में उनकी आयु के घटते क्रम में स्थान प्रदान किया जाएगा.
7. पोस्ट डॉक्टरल रिसर्च फ़ेलोशिप के लिए यदि उपयुक्त पाया जाता है, तो अभ्यर्थियों को प्रदान की जाएगी परंतु इसे रोजगार नहीं माना जाना चाहिए.
8. भारत से बाहर के उम्मीदवार जो विज्ञापन में अन्यथा अन्यत्र कहीं वर्णित योग्यता मापदंडों को पूरा करते हैं, भी आवेदन कर सकते हैं.
9. चयन के समय यदि फेलो (अध्येता) किसी अन्य संस्थान से कोई अन्य फ़ेलोशिप/परियोजना हासिल कर रहा/रही है, तो उसे उस पुरस्कार राशि को वापस करना होगा.

## क. फ़ेलोशिप/आयु/चयन प्रक्रिया के विवरण@:

| कुल संख्या | | | | | | | | 30.06.2018 को आयु (वर्ष में) | | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सामान्य | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | कुल | ओएच# | एचआई# | वीआई# | न्यूनतम | अधिकतम | |
| 05 | - | - | - | 05 | - | - | - | 28 | 40 | शार्टलिस्टिंग और प्रेज़ेंटेशन के साथ साक्षात्कार. बैंक वीसी/स्काइपे के जरिए साक्षात्कार संचालित कर सकता है.ɪɪ |

@-फ़ेलोशिप 2 वर्ष के लिए (संतोषजनक प्रदर्शन के अध्यधीन), अवधि को आगे की अवधि के लिए नवीनीकृत नहीं किया जाएगा. # - ओएच, एचआई और वीआई पात्र नहीं हैं.
ɪɪ-प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर चयन प्रक्रिया में संशोधन करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है.

## ख. शैक्षिक योग्यता/अनुभव के विवरण

| योग्यता पश्चात अनुभव (30.06.2018 को) | शैक्षिक योग्यता (30.06.2018 को) | तैनाती का संभावित स्थान |
|---|---|---|
| • बैंकिंग/फाइनैंस/आईटी/बीएफएसआई क्षेत्र से संबंधित अर्थशास्त्र में पीएचडी<br>• **अन्य योग्यता (अधिमानत):** आवेदक के पास अच्छा शैक्षिक रेकॉर्ड और प्रमाणित अनुसंधान निपुणताएं होनी चाहिए. अग्रणी, ऊँचा प्रभाव रखनेवाले 'ए' श्रेणी के जर्नल्स में प्रपत्र/ लेख के प्रकाशन में असाधारण पेशेवर योगदान देनेवाले (केवल पहले या दूसरे लेखकों के रूप में) आवेदक को वरीयता दी जाएगी.<br>• **आवश्यक विशेष कौशल:** आवेदक के पास निरंतर अच्छा अकादमिक रेकॉर्ड और प्रमाणित अनुसंधान निपुणताएं हों. | प्रमुख संस्थान/विश्वविद्यालय (जैसे आईआईएम, आईआईटी, आईएसबी, एक्सएलआरआई या समतुल्य) या कंसल्टेंसी में शिक्षा/अनुसंधान कार्य में योग्यता के बाद कम से कम 3 वर्ष का अनुभव. | स्टेट बैंक इंस्टिट्यूट ऑफ लीडरशिप, कोलकाता या हैदराबाद या गुरुग्राम या बैंक द्वारा अपेक्षित अन्य किसी स्थान पर स्थित प्रमुख प्रशिक्षण इंस्टिट्यूट |

| संक्षिप्त रूप : | वर्ग: | सा.– सामान्य, अ.पि.व.– अन्य पिछड़ा वर्ग, अ.ज.जा.– अनुसूचित जनजाति, ओएच– अस्थि विकलांग, एचआई– श्रवण बाधित, वीआई – दृष्टि बाधित |
|---|---|---|

**टिप्पणी**

i. ऊपर वर्णित फ़ेलोशिप की संख्या अस्थायी है और यह बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार बदल सकती है.
ii. बैंक के पास बिना कोई कारण दिए किसी भी समय पूरी चयन प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है.
iii. पद के लिए निर्दिष्ट शैक्षिक योग्यता न्यूनतम है. उम्मीदवार के पास 30.06.2018 को योग्यता और योग्यता पश्चात संबंधित अनुभव होना चाहिए.
iv. संबंधित अनुभव प्रमाणपत्र में विशेष रूप से लिखा होना चाहिए कि उम्मीदवार के पास आवश्यकता के अनुसार उस संबंधित क्षेत्र का अनुभव है.

## ग. भूमिकाएँ/जिम्मेदारियाँ:

**संक्षिप्त में भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ**

- फ़ेलोशिप के दौरान संशोधन कार्य– कम से कम पांच प्रकाशन जिनमें शामिल होने चाहिए उनकी फ़ेलोशिप पर आधारित दो अंतर्राष्ट्रीय जर्नल पेपर्स (जिसमें से एक 'ए' श्रेणी का हो) और दो कॉन्फरेंस पेपर्स.
- फेलो बैंक की ओर से बाहरी कंसल्टेंसी का कार्य/प्रोजेक्ट भी करेगा (सेल्फ मार्केटेड/बैंक द्वारा नामित)
- फेलो की सेवा का उपयोग बैंक द्वारा अकादमिक सहायता के लिए किया जा सकता है जिसमें संशोधन सहायता, पढ़ाना और ट्यूटोरियल्स लेना शामिल है.
- बीएफएसआई सेक्टर से संबंधित क्षेत्रों में संशोधन कार्य.
- संशोधन कार्य सार्वजनिक हित के क्षेत्रों पर हो सकता है जिसके लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी का उपयोग किया जाएगा या समकालीन औचित्य के आंतरिक विषय जो अप्रकटीकरण समझौते के अधीन हैं.
- पीडीआर फेलो को एक्जिक्यूटिव विकास/अन्य कार्यक्रमों की रचना और क्रियान्वयन करने के लिए भी बुलाया जा सकता है जो समकालीन विषय से जुड़े हो सकते हैं.
- फेलो बैंक द्वारा समय समय पर दी गई जिम्मेदारियों को पूरा करेगा.
- बैंक फेलो द्वारा किए गए संशोधन के परिणाम का उपयोग करने के लिए मुक्त है जिसके बारे में वह उपयुक्त फैसला ले सकता है.
- फेलो को त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट निष्पादन समीक्षा समिति के पास जमा कराना होगा.
- हर फेलो को सेमिनार या बैंक द्वारा निर्धारित किसी उपयुक्त फोरम के जरिए संशोधन के परिणामों को साझा करना होगा.
- बैंक के अनुबंध पर कार्यरत स्टेटिस्टीशियन, अर्थशास्त्रियों और कानून के अधिकारियों के लिए लागू आचरण के नियम फेलो के लिए लागू होंगे.

## घ. छात्रवृत्ति और फायदे:

- ₹1,00,000 की स्थायी मासिक छात्रवृत्ति (परकाम्य नहीं), जो यथा प्रयोज्य टीडीएस के अध्यधीन रहेगी.
- निष्पादन समीक्षा समिति के मूल्यांकन के आधार पर असाधारण संशोधन कार्य/प्रतिष्ठित जर्नल्स में अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशनों के मामले में दो वर्ष के अंत में फेलो को ₹2 लाख से लेकर ₹5 लाख तक एकमुश्त राशि दी जा सकती है.
- बैंक एक प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय और एक राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए फेलो के खर्च का वहन वास्तविक लागत के आधार पर करेगा जिसमें एसबीआई के साथ फेलो संयुक्त प्रपत्र को प्रस्तुतीकरण के लिए स्वीकार किया गया है.
- विद्वान (फेलो) राजस्व साझा करने के आधार पर बाह्य असाइनमेंट लेने के लिए भी मुक्त हैं (राजस्व साझा करने का अनुपात या प्रतिशत मामलों के आधार पर तय किया जाएगा).
- युटिलिटी बिल्स के स्वयं भुगतान के आधार पर एटीआई में निवास की सुविधा.

**ङ. आवेदन कैसे करें:** अभ्यर्थियों का मान्य ईमेल आईडी हो जिसे परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखा जाए. इससे उसे अपना कॉल लेटर/ साक्षात्कार संबंधी सूचना आदि ईमेल के माध्यम से प्राप्त करने में सहायता होगी.

**ऑनलाइन आवेदन करने के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत:**

i. अभ्यर्थी एसबीआई की वेबसाइट https://bank.sbi/careers या https://www.sbi.co.in/careers पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण करेंगे.

ii. अभ्यर्थी पहले तो अपने हाल के फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करें. ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि अभ्यर्थी अपनी फोटो और हस्ताक्षर ऑनलाइन पंजीकरण पेज पर बताए अनुसार नहीं कर देता/देती.

iii. अभ्यर्थी आवेदन को ध्यानपूर्वक पढ़ें. आवेदन जब पूरी तरह से भरा जाएगा तो अभ्यर्थी इसे प्रस्तुत करें. यदि एक बार में अभ्यर्थी आवेदन नहीं भर पाता है, तो वह पहले से प्रविष्ट जानकारी को सेव कर सकता/सकती है. जब जानकारी/ आवेदन को सेव किया जाएगा तो एक अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड सिस्टम द्वारा बन कर आ जाएगा और यह स्क्रीन पर दिखेगा. **अभ्यर्थी इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को अपने पास लिख कर रख लें.** वे इस सेव किए हुए आवेदन को पंजीकरण नंबर और पासवर्ड का प्रयोग कर फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो, तो दिए गए विवरण में काट-छांट कर सकते हैं. सेव की गई जानकारी को इस तरह से बदल कर संशोधन करने की अनुमति मात्र तीन बार तक करने के लिए ही होगी. आवेदन जब पूरी तरह से भरा जाएगा तब अभ्यर्थी को चाहिए कि वह इसे प्रस्तुत करें.

iv. ऑनलाइन पंजीकरण हो जाने के बाद, अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे सिस्टम के बनाए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों का प्रिन्ट आउट ले लें.

निम्नलिखित दस्तवेजों की स्व–सत्यापित फोटोकॉपीज के साथ ऑनलाइन आवेदन की प्रतियाँ डाक द्वारा ''भारतीय स्टेट बैंक, केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केन्द्र, तीसरी मंजिल, अटलांटा बिल्डिंग, नरीमन पॉइंट, मुंबई (महाराष्ट्र, भारत), पिन– 400021 के पास 07.08.2018 तक या उससे पहले पहुँच जानी चाहिए.:

- प्रकाशनों की सूची के साथ व्यक्तिगत जानकारी
- नागरिकता का प्रमाण
- जन्म तिथि का प्रमाण
- अपने द्वारा उच्च गुणवत्ता के प्रकाशन पर दो पेज का लेख.
- एसबीआई में इच्छित संशोधन कार्य पर दो पेज का लेख.
- अनुशंसा/संदर्भ के कम से कम दो पत्र– एक पत्र संशोधन क्षमताओं के बारे में किसी वरिष्ठ से और एक आवेदक के शोध–प्रबंध पर्यवेक्षक से या अकादमिक संस्थान से
- वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र/राहत प्रमाणपत्र (यदि वर्तमान में कार्यरत हैं)
- शैक्षिक प्रमाणपत्रों और अंक पत्रों की प्रतियाँ
- अनुभव प्रमाणपत्र
- दो श्रेष्ठ जर्नल पेपर्स की प्रतिलिपियाँ

**ऑनलाइन आवेदन की हार्ड प्रतियों के साथ ऊपर वर्णित दस्तावेज उपरोक्त दिनांक तक प्राप्त नहीं होने पर उनकी उम्मीदवारी पर चयन और साक्षात्कार के लिए विचार नहीं किया जाएगा.**

## च. प्रलेखों को अपलोड कैसे करें:

**अ. अपलोड किए जाने वाले प्रलेखों का विवरण:**

i. प्रकाशनों की सूची के साथ व्यक्तिगत जानकारी (डॉक या डॉकएक्स)
ii. नागरिकता और जन्म तिथि का प्रमाण (पीडीएफ)
iii. अपने द्वारा उच्च गुणवत्ता के प्रकाशन पर दो पेज का लेख.(पीडीएफ)
iv. एसबीआई में इच्छित संशोधन कार्य पर दो पेज का लेख. (पीडीएफ)
v. अनुशंसा / संदर्भ के कम से कम दो पत्र– एक पत्र संशोधन क्षमताओं के बारे में किसी वरिष्ठ से और एक आवेदक के शोध–प्रबंध पर्यवेक्षक से या अकादमिक संस्थान से(पीडीएफ)
vi. वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र/ राहत प्रमाणपत्र (यदि वर्तमान में कार्यरत हैं)(पीडीएफ)
vii. शैक्षिक प्रमाणपत्रों और अंक पत्रों की प्रतियाँ (संबंधित अंकपत्र/ डिग्री प्रमाणवत्र) और अनुभव प्रमाणपत्र (पीडीएफ)
viii. हाल की तस्वीर
ix. हस्ताक्षर

**ब. फोटोग्राफ फाइल टाइप/साइज:**

i. पासपोर्ट आकार की हाल में खिंची रंगीन फोटो.
ii. फाइल का आकार 20 केबी– 50 केबी के बीच का और आयाम 200 X 230 पिक्सल (अधिमानत:) हो.
iii. यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो रंगीन है, इसे हो सके तो सफेद नहीं तो हल्के रंग की पृष्ठभूमि में लिया गया हो.
iv. तनावमुक्त होकर कैमरे में सामने की ओर देखें.
v. फोटो यदि धूप में ली गई हो तो सूरज आपके पीछे रहे या आप छाया में हों ताकि आपकी नजर में तिरछापन न आए या फिर कोई भारी छाया न पड़े.
vi. यदि आपको फ्लैश का प्रयोग करना होता है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसमें रैड–आय नहीं है.
vii. यदि आप चश्मा लगाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परछाई नहीं पड़ रही है और आपकी आंखें साफ देखी जा सकती हैं.
viii. टोपी, हैट और गहरे रंग का चश्मा लगाया जाना स्वीकार्य नहीं है. धार्मिक प्रतीक पगड़ी आदि बांध सकते हैं लेकिन इससे आपका चेहरा न ढकने पाए.
ix. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया गया चित्र 50 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 50 केबी से अधिक का है तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिज़ोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि जैसी बातें स्कैनर पर सेट करके समायोजित कर लें.

**स. हस्ताक्षर फाइल का प्रकार/आकार:**

i. आवेदक सफेद कागज पर काली स्याही के पैन से हस्ताक्षर करें.
ii. हस्ताक्षर आवेदक स्वयं करे न कि कोई और व्यक्ति.
iii. कॉल लेटर तथा जहां आवश्यक होंगे वहां आपके हस्ताक्षर का प्रयोग किया जाएगा.
iv. उत्तर पुस्तिका पर आवेदक के हस्ताक्षर परीक्षा के समय यदि कॉल लेटर के हस्ताक्षर से मेल नहीं खाते तो आवेदक अयोग्य हो जाएगा/जाएगी.
v. फाइल का आकार 10 केबी–20 केबी के बीच का हो और आयाम 140 X 60 पिक्सल (अधिमानत:) हो.
vi. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किए गए चित्र का आकार 20 केबी से अधिक नहीं है.
vii. अंग्रेज़ी के बड़े अक्षरों में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होंगे.

**द. प्रलेख की फाइल का प्रकार/आकार:**

i. जीवन वृत्त डीओसी या डीओसीएक्स प्रारूप में हो और बाकी के सभी प्रलेख आवश्यक रूप से पीडीएफ प्रारूप में ही हों.
ii. प्रलेख के पेज का आकार ए4 का हो.
iii. फाइल का आकार 500 केबी से अधिक का न हो.
iv. प्रलेख को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के तौर पर सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 500 केबी से अधिक का है तो स्कैनर की सेटिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिज़ोश्यूशन, रंगों की संख्या आदि समायोजित करें. यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए गए प्रलेख साफ और पढ़ सकने लायक हैं.

**य. चित्र/ हस्ताक्षर/ प्रलेखों को स्कैन करने हेतु मार्गदर्शी सिद्धांत:**

i. स्कैनर के रिज़ोश्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स प्रति इन्च) पर रखें.
ii. कलर को ट्रू कलर पर सेट करें.
iii. चित्र/हस्ताक्षर के किनारे तक क्रॉप पर चित्र को स्कैन करें फिर चित्र को अंतिम आकार (जैसा ऊपर बताया गया है) देने के लिए क्रॉप करने हेतु अपलोड एडिटर का प्रयोग करें.
iv. चित्र/हस्ताक्षर की फाइल जेपीजी या फिर जेपीईजी प्रारूप में हो (यानी फाइल का नाम इमेज 01. जेपीजी या इमेज 01. जेपीईजी दिखाई दे)
v. इमेज के आयाम फोल्डर/फाइल की लिस्टिंग कर जांचे जा सकते हैं या फिर फाइल इमेज के आयकॅन पर माउस को घुमाकर इसे जांचा जा सकता है.
vi. जो अभ्यर्थी एमएस विन्डोज़/एमएस ऑफिस का प्रयोग करते हैं, वे आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी आरूप में पा सकते हैं जो कि क्रमश: 50 केबी और 20 केबी से अधिक न होगी इसके लिए एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग करना होगा. स्कैन किया गया चित्र या हस्ताक्षर किसी भी आरूप में जेपीजी आरूप में सेव किए जा सकते हैं इसके लिए फाइल मेन्यू में सेव ऐज़ के विकल्प का प्रयोग करना होगा. फाइल के आकार को 50 केबी (फोटो) को घटाया जा सकता है और 20 केबी (हपताक्षर) क्रॉप का प्रयोग कर किया जा सकता है और फिर रिसाइज़ ऑप्शन (बिंदु 1 और 2 ऊपर देखें जो कि पिक्सल आकार के लिए दिया हुआ है) इमेज मेन्यू में दिया हुआ है. इसी तरह से अन्य फोटो एडीटर में भी विकल्प उपलब्ध हैं.
vii. ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरते समय अभ्यर्थी को एक लिंक उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि वह अपने फोटो और हस्ताक्षर को अपलोड कर सके.

**र . प्रलेख अपलोड करने के लिए प्रक्रिया:**

i. हर प्रलेख को अपलोड करने के लिए अलग से लिंक हैं.
ii. अपलोड का संबंधित लिंक क्लिक करें.
iii. ब्राउज़ करके उस जगह को चुनें जहां कि जीपीजी या जेईपीजी, पीडीएफ, डीओसी या डीओसीएक्स फाइल को सेव किया गया है.
iv. फाइल पर क्लिक कर इसे चुनें और अपलोड का बटन क्लिक करें.
v. आवेदन करने से पहले प्रलेख अपलोड हो गया है और सही तरह से पहुंच गया है इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू क्लिक करें. यदि फाइल का आकार और प्रारूप बताए अनुसार नहीं होंगे तो इसमें ऐर का संदेश आएगा.
vi. प्रलेख अपलोड हो जाने के बाद/प्रस्तुत कर दिए जाने के बाद संपादित/परिवर्तित नहीं हो सकेंगे.
vii. ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में फोटो/हस्तातक्षर अपलोड कर दिए जाने के बाद अभ्यर्थी जांच लें कि फोटो साफ हैं और ये ठीक तरह से अपलोड हुए हैं. चित्र या हस्ताक्षर यदि स्पष्ट रूप से दिखेंगे नहीं तो अभ्यर्थी अपने आवेदन को संपादित कर सकता/सकती है और अपने फोटो या हस्ताक्षर प्रपत्र प्रस्तुत किए जाने से पहले फिर से अपलोड कर सकता/सकती है. फोटो में यदि चेहरा या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं हैं तो अभ्यर्थी का आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है.

## छ. अपलोड साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर:

साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर/सूचना ईमेल द्वारा भेजी जाएगी या बैंक की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी. हार्ड प्रति नहीं भेजी जाएगी.

## ज. चयन प्रक्रिया:

चयन शॉर्ट लिस्टिंग और प्रेजेंटेशन के साथ साक्षात्कार के आधार पर होगा.

**साक्षात्कार:** केवल न्यूनतम योग्यता मापदंड और अनुभव को पूरा करने से उम्मीदवार को साक्षात्कार हेतु बुलाने का कोई अधिकार नहीं मिल जाता. बैंक द्वारा नियुक्त शॉर्टलिस्टिंग कमिटी शॉर्टलिस्टिंग के मापदंड को तय करेगी और उसके बाद बैंक द्वारा तय किए अनुसार उम्मीदवारों की समुचित संख्या को साक्षत्कार के लिए चुना जाएगा. साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को बुलाने का बैंक का फैसला निर्णायक होगा. इस बारे में किसी भी पत्र–व्यवहार पर विचार नहीं किया जाएगा. चयनित उम्मीदवारों को प्रजेंटेशन और साक्षात्कार के लिए विशेषज्ञ चयन समिति के सामने बुलाया जाएगा.

**मेरिट लिस्ट:** केवल साक्षात्कार में मिले अंकों के आधार पर अवरोही क्रम में चयन की मेरिट लिस्ट बनाई जाएगी. यदि एक से अधिक उम्मीदवार को कट ऑफ अंक (कट ऑफ बिंदु पर समान अंक) मिलते हैं, तो ऐसे उम्मीदवारों का क्रम मेरिट लिस्ट में उनकी आयु के अवरोही क्रम में लगाया जाएगा.

## झ. सामान्य जानकारी

i. डॉक्टरेट रिसर्च फ़ेलोशिप के पद पर आवेदन करने से पहले अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वह दी गई तारीख को उस पद हेतु ऊपर लिखे पात्रता तथा अन्य मानदंडों पर खरा उतरता/उतरती है तथा उसने जो भी जानकारी प्रदान की है वह हर तरह से सही है.

ii. **भर्ती की किसी भी अवस्था में यदि ऐसा पता चलता है कि कोई अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों पर खरा नहीं उतरता/उतरती है तो और/या यह कि उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण जानकारी (रियां) छिपाई हैं तो उसकी अभ्यर्थिता को निरस्त कर दिया जाएगा. इनमें से यदि कोई बात उसकी चयन के बाद भी पता चलती है, तो उसकी फेलोशिप समाप्ति की जा सकती है.**

iii. आवेदक यह सुनिश्चित करें कि यह आवेदन पूरी तरह से निर्धारित प्रारूप के अनुसार है और ठीक तथा पूरी तरह से इसे भरा गया है.

iv. चयनित उम्मीदवार के लिए पोस्ट डॉक्टरल रिसर्च फ़ेलोशिप बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सीय दृष्टि से स्वस्थ घोषित किए जाने के अध्यधीन हैं. यह फेलोशिप बैंक के लागू नियमों के भी अध्यधीन रहेगी.

v. अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे अपना ई–मेल आईडी चालू रखें ताकि उन्हें पत्र/साक्षात्कार की तारीख संबंधी जानकारी आदि प्राप्त हो सके.

vi. किसी पत्र के मिलने में विलंब होने या न मिलने के लिए बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी.

vii. जो अभ्यर्थी सरकार/अर्ध सरकारी कार्यालयों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से लेकर अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें ऐसा न करने पर उनकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा और यदि वे अन्यथा यात्रा व्यय के लिए पात्र हों, तो भी उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.

viii. चयन की दशा में, अभ्यर्थी से अपेक्षा होगी कि वह डॉक्टरेट रिसर्च फ़ेलोशिप पद प्राप्त करते समय अपने नियोक्ता का उचित कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें.

ix. अभ्यर्थियों को उन्हीं के हित के लिए यह सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय रहते ही ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करते रहें क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट को लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन/अक्षमता/फेलियर की स्थिति बन जाए इन्टरनेट पर हैवी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण ऐसा हो जाए. यदि पूर्वोक्त कारणों से यदि एसबीआई के काबू से बाहर के किसी भी कारण से यदि अभ्यर्थी अपना आवेदन समय रहते नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा.

x. पात्रता, साक्षात्कार आयोजित किए जाने, अन्य. परीक्षाएं और चयन के सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी अभ्यर्थियों के लिए बाध्याकारी होंगे. इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्र–व्यवहार ही किया जाएगा.

xi. फेलोशिप को बिना कारण बताए बैंक द्वारा एक महीने की सूचना देकर या एक महीने का मुआवजा देकर (सेमिनार के लिए वित्तपोषण छोड़कर) निरस्त किया जा सकता है.

xii. अनुसंधान पूरा किए बिना अवधि पूर्ण होने से पहले छोड़ रहे किसी पीडीआरएफ उम्मीदवार या मध्यावधि मूल्यांकन में अपेक्षा से कम स्तर के पाए गए उम्मीदवार के मामले में उसे एक महीने की सूचना देकर निरस्त कर दिया जाएगा. असंतोषजनक प्रदर्शन के मामले में ऐसी अवधि तक खर्च की गई राशि को वसूलने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है.

xiii. आवेदन में दी गई जानकारी बाद में गलत पाए जाने पर आवेदक पर दीवानी/फौजदारी मुकदमा किया जा सकेगा.

xiv. मात्र पात्रता मानदंडों पर खरे उतरना ही काफी नहीं होता है कि अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए बुला लिया जाए. बैंक के पास यह अधिकार सुरक्षित रहता है कि वह अभ्यर्थी की योग्यता, उपयुक्तता, अनुभव आदि के संदर्भ को दृष्टिगत रख आरंभिक स्क्रीनिंग/छंटाई के बाद ही साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों की अपेक्षित संख्या में ही उन्हें बुलाए.

xv. एक ही पद के लिए कई आवेदन होने की दशा में, अंतिम मान्य (भरा हुआ) आवेदन को ही रखा जाएगा.

xvi. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में आए आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद की दशा में कानूनी कार्यवाहियां मात्र मुंबई और मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/मंचों पर ही की जा सकती हैं. किसी भी मुकदमे/विवाद की सुनवाई का एकल व अनन्य अधिकार क्षेत्र मुंबई ही होगा.

xvii. देश के उम्मीदवार जिन्हें चयन के बाद साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है उन्हें सबसे छोटे मार्ग के लिए हवाई यात्रा (इकोनॉमी क्लास) के खर्च का अदायगी की जाएगी या भारत में वास्तविक सफर के आधार पर अन्य माध्यमों से यात्रा के लिए किए गए वास्तविक खर्च का अदायगी की जाएगी (जो भी कम हो). स्थानीय परिवहन का खर्च की अदायगी नहीं की जाएगी. कृपया ध्यान दें कि जब तक सत्यापन और रेकॉर्ड के लिए टिकटों की प्रतिलिपियाँ और मूल प्रति प्रस्तुत नहीं की जाती है तब तक कोई यात्रा खर्च अदा नहीं किया जाएगा. यदि कोई उम्मीदवार पद के लिए अपात्र पाया जाता है, तो उसे साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी और कोई किराया नहीं दिया जाएगा.

xix. बैंक को अधिकार होगा कि वह किसी भी अवस्था में पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दे.

अन्य पूछताछ के लिए, कृपया "CONTACT US" इस लिंक पर हमें लिखें जो कि बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है (यूआरएल: **https://bank.sbi/careers/psq.htm?action=pquery** या **https://sbi.co.in/careers/psq.htm?action=pquery**)

प्रिंटिंग में यदि कोई गलती हुई तो बैंक इसके लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा. किसी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी में जारी विस्तृत विज्ञापन मान्य होगा.

स्थल: मुंबई
दिनांक: 16.07.2018

महाप्रबंधक
(सीआरपीडी)